अमर उजाला 15/02/2023

# पुलवामा शहीदों को नमन, याद में रक्तदान

## ड्रॉप्स ऑफ चेंज और आश्रय संस्था के संयुक्त तत्वावधान में लगे शिविर के दौरान रक्तदान के लिए किया गया प्रेरित



रक्तदान शिविर में रक्दाताओं को बैज लगाती मुख्य अतिथि। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज छावनी के राजनीतिक विज्ञान विभाग की ओर से समझौता पत्र के अंतर्गत ड्रॉप्स ऑफ चेंज और आश्रय संस्था के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर लगाया गया।

शिविर में कुल 100 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जोकि कॉलेज परिसर में यूथ रेड क्रॉस, एनएसएस यूनिट, एनसीसी के सहयोग से लगा। यह पुलवामा में हुए शहीदों की याद में समर्पित रहा। प्रबंधक समिति के महासचिव अजय अग्रवाल एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कार्यक्रम की मुख्यातिथि सीजेएम सुखदा प्रीतम व छावनी नागरिक अस्पताल से आए डॉ. जोगेंद्र, डॉ. पूजा व डॉ. मुकेश का स्वागत किया। सीजेएम सुखदा प्रीतम ने कहा कि जीएमएन कॉलेज की यह एक अनूठी पहल है, क्योंकि रक्तदान करके हम जरूरतमंदों के चेहरे पर नई मुस्कान लाएंगे और कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति रक्त से महरूम होकर नहीं मरेगा। एनएसएस की ओर से चल रहे सात दिवसीय कैंप के छठे दिन रक्तदान के माध्यम से बढ़-चढ़कर स्वयंसेवकों ने भी इस शिविर में भाग लिया एवं ड्रॉप्स ऑफ चेंज ने संस्थाओं के माध्यम से समाज निर्माण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।